रोहतक
सोमवार 5 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 337
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 19.5
न्यून. 3.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

# मादुरो की रिहाई के लिए उठी आवाज अमेरिका के हमले का कड़ा विरोध

## ट्रंप की धमकी-अब कोलंबिया के राष्ट्रपति की बारी, पेट्रो रहें 'सावधान'

## क्यूबा के खिलाफ भी ले सकते हैं एक्शन मेक्सिको को ड्रग कार्टेल चला रहे



**कराकस/वाशिंगटन (एजेंसी)** अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किए गए हमले के बाद से पूरी दुनिया दो धड़ों में बंट गई है। कई देशों ने कार्रवाई को सही ठहराया है तो कुछ देशों ने इसे आजादी और संप्रभुता पर गंभीर हमला करार दिया है। चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। उधर, उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। यहां बता दें कि अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया कि क्यूबा और कोलंबिया अगला निशाना हो सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के साथ कुछ न कुछ करना ही होगा। मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं।

### दो धड़ों में बंटी दुनिया

**चीन** ने कहा, राष्ट्रपति को अगवा करना गलत, तुरंत रिहा करें

***उत्तर कोरिया** ने इस कार्यवाही को गुंडागर्दी बताया*

**स्पेन** ने कड़ी निंदा की कहा-यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

***पोप लियो** बोले वेनेजुएला एक आजाद देश बना रहे*

**ब्रिटेन** ने कहा, हम किसी उपनिवेशवाद के पक्ष में नहीं

***नेतन्याहू** ने वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया*

पैकेज पेज 8 पर



*ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ी, अमेरिका में हो रहे विरोध प्रदर्शन*

### अमेरिकी तेल कंपनियां जाएंगी वेनेजुएला : ट्रंप

ट्रंप ने मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हम अपनी बहुत बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियों को जो दुनिया में कहीं भी सबसे बड़ी हैं, उसे वेनेजुएला भेंजेगे। यह तेल कंपनियां यहां अरबों डॉलर खर्च करेंगी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे, तेल के बुनियादी ढांचे की मरम्मत करेंगी और अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला सरकार का संचालन करेगा।

**न्यूयॉर्क में चलेगा मादुरो के खिलाफ मुकदमा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार, मादुरो और उनकी पत्नी को कारकस से एक संयुक्त अभियान में पकड़ा गया और अमेरिका लाया गया। उन पर न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों को अमेरिकी अदालत में पेश किया जाएगा। अमेरिका ने मादुरो की हथकड़ियों में 'पर्प वॉक' का वीडियो भी जारी किया है।

### डेल्सी बनीं अंतरिम राष्ट्रपति



अमेरिकी हमलों और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंधक बनाए जाने के बाद वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया। स्टारलिंक ने वेनेजुएला में मुफ्त ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा देने की घोषणा की है।

**यह कार्रवाई दुनिया के लिए खतरा : रक्षा मंत्री**

वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पाद्रीनो लोपेज ने अमेरिका की कार्रवाई को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प का राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को पकड़ने का फैसला सिर्फ वेनेजुएला के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा है।

### भारत का फंसा 9000 करोड़ निकलने की आस

वेनेजुएला में हालात बदलने से भारत का अटका पैसा वापस आ सकता है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की सरकारी कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड के करीब 1 अरब डॉलर (लगभग 9,000 करोड़ रुपये) लंबे समय से फंसे हुए हैं, जो अब मिलने की संभावना है। फिलहाल वेनेजुएला के सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र में बहुत कम (5,000 से 10,000 बैरल रोज) तेल निकल रहा है। अमेरिका के नियंत्रण और प्रतिबंधों में ढील के बाद वहां नई मशीनें और ड्रिलिंग रिग लगाए जा सकेंगे, जिससे तेल उत्पादन बढ़ेगा।

### शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालें : भारत

भारत ने रविवार को अमेरिकी सैन्य अभियान में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़े जाने पर "गहरी चिंता" व्यक्त की तथा कहा कि वह तेल समृद्ध दक्षिण अमेरिकी देश में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय है। हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।" भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का भी आह्वान किया।

## पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

*अंबाला का युवक हनीट्रैप में फंसकर भेज रहा था गोपनीय सूचनाएं*

*सोशल मीडिया के जरिए पाक हैंडलर्स के संपर्क में आया*

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि युवक हनीट्रैप में फंसकर पाकिस्तान के लिए जासूसी करता था। आरोपी की पहचान गांव सबगा के 31 वर्षीय युवक के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आया था। वह सेना से जुड़ी सूचनाएं भी पाक हैंडलर्स के साथ सांझा कर रहा था। सीआईए-2 की टीम ने आरोपी को कैंट बस स्टैंड के निकट से काबू किया है। अब आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद अंबाला पुलिस अलर्ट हो गई थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी छह से सात माह से सूचनाएं दे रहा था। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं उसने ऑपरेशन सिंदूर के समय भी पाक को सूचनाएं दी थी। लिस को आरोपी के पास से व्हाट्सएप चैट व वॉइस कॉल डिटेल भी मिली है।

## इनेलो जिलाध्यक्ष के भाई की गोली मारकर हत्या



अधजला शव नहर में फेंका पानीपत में नेत्र रोग अफसर, 8 दिन से लापता था

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के जिला अध्यक्ष के अपहृत भाई जयदीप राठी की हत्या होने की पुष्टि हो गई है। हालांकि उनका शव बरामद नहीं हुआ है। लेकिन पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया था, उन्होंने इस बात का कुबूलनामा किया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हत्या 27 दिसंबर को ही कर दी गई थी। इसके बाद शव को भट्ठी में जलाकर अधजली डेडबॉडी को नहर में खुद-बुर्द करने के लिए फेंक दिया। इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई जयदीप राठी 8 दिन पहले 27 दिसंबर को घर से सुबह 9 बजे अपने फार्महाउस पर जाने के लिए निकले थे। इसके बाद से ही वह वापस नहीं आए। थाना सेक्टर-13-17 में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। राठी के अपहरण के मामले में चार आरोपी प्रीतम, रविंद्र राठी उर्फ रवि, सुनील शर्मा और हरेंद्र राठी को पुलिस ने शुक्रवार को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।


## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में अब पावर बैंक के इस्तेमाल पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** अब फ्लाइट के दौरान पावर बैंक का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। डीजीसीए ने साफ किया है कि सुरक्षा कारणों से विमान में पावर बैंक का उपयोग पहले से ही प्रतिबंधित है और अब इसे सख्ती से लागू किया जा रहा है। पावर बैंक में लिथियम आयन बैटरी होती है, जो डैमेज होने पर आग लगने का खतरा पैदा कर सकती है। *एजेंसी*

### 14 साल बाद अलग हुए जय भानुशाली-माही विज



**मुंबई।** टीवी एक्टर जय भानुशाली और एक्ट्रेस माही विज ने अलग होने का फैसला किया है। इस फैसले की जानकारी जय ने सोशल मीडिया के जरिए दी। रविवार को जय और माही ने इंस्टाग्राम पर एक साझा बयान पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि आज हम जिंदगी के सफर में अलग रास्ते चुन रहे हैं। लेकिन हम एक-दूसरे का साथ देना जारी रखेंगे। *एजेंसी*

### इंदौर के बाद गांधीनगर में दूषित पानी, 104 बच्चे बीमार

**इंदौर।** इंदौर के बाद अब गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गंदा पानी पीने से पिछले तीन दिनों 104 बच्चे 150 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 50% बच्चों को टाइफाइड हुआ है। हालात इतने बिगड़े कि सिविल अस्पताल में बच्चों भर्ती करने के लिए नया वार्ड खोलना पड़ा। इंदौर की तरह यहां भी पीने के पानी की पाइप लाइन में सीवेज की गंदगी मिल रही थी। शहर के सेक्टर-24, 28 और आदिवाड़ा इलाके के लोग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रशासन ने पानी की सप्लाई जांची तो 10 जगह लीकेज मिले। *एजेंसी*

## बर्फीली हवाओं ने छुड़ाई कंपकंपी



फोटो सोनमर्ग का है। यहां भारी बर्फबारी में टूरिस्ट उमड़ रहे हैं।

**गंगोत्री में तापमान -22 डिग्री**

उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई। साथ ही केदार गंगा, ऋषिकुर नाला, पागल नाला, चीड़बासा नाला भी पूरी तरह जम चुके हैं।

**हरियाणा में पारा**

| शहर | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| महेंद्रगढ़ | 14.5 | 3.0 |
| गुरुग्राम | 16.7 | 3.1 |
| नारनौल | 17.4 | 4.5 |
| सोनीपत | 13.4 | 5.3 |
| मेवात | 17.5 | 5.4 |

- 9 जिलों में रही कोल्ड डे की स्थिति, 3 डिग्री के साथ महेंद्रगढ़ रहा सबसे ठंडा
- रात और दिन दोनों का तापमान गिर रहा
- वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह, 10 जिलों में हल्का कोहरा छाया रहा

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेशवासियों कंपकंपी छुटा दी है। 9 जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। दिन व रात दोनों ही समय का तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 13 जिलों में कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग चंडीगढ़ के अनुसार, राज्य में बीती रात को औसत न्यूनतम तापमान में 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, यह तापमान सामान्य से अभी 1.9 डिग्री अधिक बना हुआ है। राज्य में सबसे कम तापमान महेंद्रगढ़ में 3.0 डिगी दर्ज किया गया, जो वहां का इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। वहीं, गुरुग्राम में 3.1 डिग्री, नारनौल में 4.5 डिग्री और सिरसा में 6.6 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे, दिल्ली-हिसार हाईवे और केएमपी एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पंचकूला, यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत, रोहतक और जींद में हल्का कोहरा छाया हुआ है। रात को सबसे अधिक तापमान रोहतक में 10.1 डिग्री रहा।

### खेतों में पाला जमा

**दो दिन बादल छाएंगे, शीत लहर चलेगी :** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 8 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। लेकिन 5 व 6 जनवरी को बीच बीच में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

### तापमान में जारी रहेगी गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में हरियाणा के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है। सुबह और देर रात के समय घना कोहरा छाने की भी चेतावनी दी गई है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो सकती है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई। उत्तरी व दक्षिण हरियाणा में कोहरा छाएगा : डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इस दौरान वातावरण में नमी होने से उत्तर व दक्षिणी हरियाणा में ज्यादातर स्थानों पर अलसुबह व देर रात्रि को गहरी धुंध व कोहरा रहने, लेकिन पश्चिमी हरियाणा में हल्की से मध्यम धुंध रहने की संभावना है।

## ग्रोक पर अश्लील कंटेंट बनाते ही बैन हो जाएगा अकाउंट

### भारत सरकार की आपत्ति के बाद नए नियम बनाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो उसके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो सीधे अवैध कंटेंट अपलोड करने पर होती है। यानी कि यूजर्स का अकाउंटर हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। एक्स ने भारत सरकार की तरफ से आपत्ति जताए जाने के तीन दिन बाद नए नियम बनाए हैं। केंद्र सरकार ने 2 जनवरी को एक्स से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी।



ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा, भले अपलोड न किया हो **एक्स पर महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें शेयर करने पर नियम सख्त**

### सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने जताई थी चिंता

दरअसल, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई थी। उन्होंने आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसमें कहा था कि कुछ लोग एआई की मदद से महिलाओं की असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है। इससे पहले एक्स के मालिक इलॉन मस्क ने शनिवार को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना।

## करनाल में 15 लाख कैश और डेढ़ किलो सोना लूटा

- **सर्राफा व्यापारी जीजा-साला पर हमला**

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** सेक्टर-16 इलाके में शनिवार रात सर्राफा व्यापारी के साथ बड़ी लूट की वारदात हुई। स्कूटी पर सवार व्यापारी और उसके साले पर झाड़ियों में छिपे बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने व्यापारी को लोहे की रॉड से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसके पास मौजूद 15 लाख रुपये नकद व डेढ़ किलो सोने से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। करनाल के सर्राफा बाजार में सोना पिघलाने का काम करने वाले व्यापारी आदिक पाटिल शनिवार रात साले बबन मान के साथ स्कूटी पर घर लौट रहे थे। सेक्टर-16 के कम्युनिटी सेंटर के पास पहुंचे, झाड़ियों में छिपे दो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।

## डेरामुखी राम रहीम को 15वीं बार मिली 40 दिन की पैरोल



**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** दो साध्वियों से दुष्कर्म और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है। रोहतक की सुनारिया जेल में बंद राम रहीम को मिली यह पैरोल उसकी 15वीं रिहाई होगी। इससे पहले 15 सितंबर को भी उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, पिछली बार 21 दिन और 40 दिन की पैरोल के दौरान गुरमीत राम रहीम सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा में ही रहा था। इस बार भी 40 दिन की पैरोल मिलने के बाद उसके सिरसा डेरे में ही रहने की संभावना है।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

- **शेख हसीना की सीट पर आरएसएस से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50% से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं। बीजेएचएम कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है।



### खालिदा जिया की पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप

गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1% वोटरों के साइन लाने होते हैं। वह नियम के अनुसार 1% वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे। गोबिंद का आरोप है कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के दबाव में रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित कर दिया।

## मुस्तफिजुर को आईपीएल से हटाने के बाद बीसीबी का फैसला

# अब पाकिस्तान की राह पर चला बांग्लादेश टी-20 वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं आएगा

*टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। मैचों का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है। सभी टीमों के टिकट पहले से बुक हैं। बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज में सभी चार मुकाबले भारत में ही शेड्यूल हैं। तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर और एक मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है।*

### आईसीसी से श्रीलंका में खेलने की मांग की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने दी। बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है। बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के आदेश पर आईपीएल से बाहर करने के बाद बीसीबी ने यह फैसला लिया है। अब आईसीसी तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं। यूनुस सरकार में खेल सलाहकार (खेल मंत्री) आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी देते हुए बीसीबी के फैसले का स्वागत किया।

### बांग्लादेश को 3 मैच कोलकाता व एक मुंबई में खेलना है

**खिलाड़ियों की सुरक्षा प्राथमिकता**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि भारत में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए बोर्ड ने सरकार से सलाह लेने के बाद फैसला लिया है कि हमारी टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बोर्ड ने इस संबंध में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी को भी ऑफिशियल मेल भेज दिया है। हम टीम के सभी मैच श्रीलंका में कराना चाहते हैं।



### मुस्तफिजुर केकेआर से बाहर हो चुके

इससे पहले, 3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने शॉल ओढ़ाकर राज्यपाल का सम्मान किया

### कहासुनी के बाद दबंगों ने पीटा, युवक की उपचार के दौरान मौत

**फरीदाबाद।** जनपद में एक मामूली कहासुनी में डंडों से पीट-पीटकर 16 वर्षीय नवयुवक की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम रवि बताया जा रहा है। वह संजय कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। मृतक के पिता की पहली ही मौत हो चुकी है। उसके परिवार में अब मां और एक छोटी बहन है। 28 दिसंबर 2025 को एक छोटी सी कहासुनी के बाद विवाद गहरा गया था। इसके बाद बड़े ही सुनियोजित तरीके से रवि पर 30 दिसंबर को हमला किया गया था। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे से उसे पीटा गया था। इससे रवि गंभीर रूप से घायल हो गया था। अब रविवार को युवक की इलाज के दौरान मौत होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### जीवन नगर में हत्या करने का आरोपी पकड़ा

**फरीदाबाद।** बीते 23-24 दिसंबर की रात को जीवन नगर गौच्छी में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी शंभू यादव को बल्लभगढ से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीवन नगर पार्ट-2 गौंछी वासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी संजय कालोनी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके एक किराये के कमरे में शंभू यादव, उसकी पत्नी, बेटी व विकास रहता था। जो 23-24 दिसंबर की रात को शंभू ने विकास की अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक में फावडा मारकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया। जिस संबंध में थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने शंभू यादव निवासी हाल जीवन नगर पार्ट 2 गोंछी को बल्लभगढ से गिरफ्तार किया है।

## मुख्यमंत्री नायब का भगवंत सरकार पर हमला, पटियाला के घनौर में लोगों को संबोधित किया

# पंजाब में आप ने झूठे वादे कर सत्ता हथियाई, चार साल से कर रहे शोषण

**2027 में पीएम की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाएगी भाजपा हरियाणा की तर्ज पर होगा विकास**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी टीम के साथ पंजाब में सियासी बिगुल बजा दिया है। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटियाला की घनौर सीट पर हुंकार भरी साथ ही पंजाब की आम आदमी पार्टी नेताओं पर जमकर सियासी हमला बोला व कहा कि अब पंजाब में कमल खिलाने का वक्त आ गया है। सैनी ने आप नेताओं पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर हमले बोले साथ ही कहा कि इस पार्टी के काफी नेता जेलों में पड़े हुए हैं, इन्होंने कोई भी देशभक्ति का काम नहीं किया है बल्कि जनता के हिस्से का पैसा भ्रष्टाचार फैलाकर हड़प कर लिया है।

■ मुख्यमंत्री बोले, पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और आम आदमी पार्टी की वादा खिलाफी ने बर्बाद किया

उन्होंने कहा कि पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और वादा खिलाफी ने बर्बाद कर दिया है। 2027 में होने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाकर भारतीय जनता पार्टी पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाएगी। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार में शामिल लोगों ने झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद लोगों के हित में काम करने की बजाए पंजाब का शोषण किया जा रहा है।

### नायब का भगवंत को चैलेंज, हरियाणा की तरह पंजाब में भी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का ऐलान करें

हरियाणा की तर्ज पर पंजाब में भी 24 फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदने की मांग करते हुए पंजाब भाजपा के नेताओं ने मंच से हरियाणा भाजपा सरकार की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में सर्वसमाज ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने आप पार्टी के चार साल के कार्यकाल को पूरी तरह से फेल बताया और भ्रष्टाचार के मामलों को गिनवाया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का नाम लेकर सीएम नायब सैनी ने जमकर हमले बोले साथ ही चुनौती दी कि वे पंजाब में भी 24 फसलों को हरियाणा की तरह से एमएसपी खरीद की घोषणा करें। वहीं भाजपा पंजाब पर फोकस कर रही है अब से पहले भी हरियाणा की सीमा से सटे इलाकों में सूबे के सीएम नायब सिंह सैनी सीएम बनने के कुछ माह बाद ही अभियान चला चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार पर झूठे वादों करने के आरोप लगाए और चुनौती देते हुए यह भी कहा कि पंजाब सरकार बताए फसल खराब होने पर किसानों को कितना पैसा दिया गया और उन्होंने हरियाणा में दी जा रही राशि के बारे में विस्तार से ब्योरा दिया।



### परनीत कौर ने हरियाणा के सीएम को सराहा

पार्टी की वरिष्ठ नेता परनीत कौर ने मंच से सीएम हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी की जमकर प्रशंसा की। परनीत कौर ने कहा कि, सीएम हरियाणा सैनी तो ऐसा लगता है, पंजाब के सीएम हों। जनसभा को पूर्व मंत्री असीम गोयल, पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह चीमा व सभा के आयोजक विकास शर्मा ने भी संबोधित किया।

**सीएम ने पंजाब के युवा उद्यमियों से संवाद किया**

## 2029 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योगपति देश में औद्योगिक क्रांति लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वर्ष 2029 तक देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री रविवार को संत कबीर कुटीर निवास पर ओएसडी तरूण भण्डारी के नेतृत्व में आए पंजाब के उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी बीबी भारती भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय इलेक्टिक व्हीकल का है। इसलिए सरकार पार्क बनाने की योजना तैयार कर रही है। गुरुग्राम में इलेक्ट्रिक व्हीकल बेट्री की एक बड़ी इण्डस्ट्री लेकर आए है।

सरकार उद्योगों को गति प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया, लोकल फोर वोकल - विषय के साथ भारत को गति से आगे ले जाने में देश में बने हुए सामान का उपयोग करने पर बल दिया। इसका श्रेय भी उद्योगपतियों को ही जाता है।

### विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण चार दिवसीय यात्रा के लिए केरल रवाना

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को चार दिवसीय केरल यात्रा के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का उद्देश्य संसदीय परंपराओं का अध्ययन और विधायी कामकाज की बारीकियां साझा करना है।



इस यात्रा के दौरान हरविन्द्र कल्याण केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके बाद वे केरल विधान सभा के अध्यक्ष एएन शमसीर से संसदीय विषयों पर मुलाकात करेंगे। इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण केरल विधान सभा का भी अवलोकन करेंगे। केरल रवाना होने से पूर्व विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी यह केरल यात्रा हरियाणा और केरल के संसदीय अनुभवों का साझा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार : गौतम

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार राज्य में बेहतरीन और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण इलाज पहुंचाना है। आयुष्मान भारत योजना, चिरायु हरियाणा योजना और सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण से गरीब एवं मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ मिला है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर, निःशुल्क दवाइयां और जांच सेवाओं से जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है।गौरव गौतम जिला पलवल में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कैम्प परिसर में डिस्पेंसरी का शुभारंभ करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## आप नेता ने लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर उठाए सवाल

# महिलाओं को योजना से बाहर करने के लिए रोज नए नियम लागू कर रही सरकार : ढांडा

**चंडीगढ़।** आपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने रविवार को लाडो लक्ष्मी योजना पर झूठ फैलाने को लेकर बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं के साथ जो किया है, वह सशक्तिकरण नहीं बल्कि खुला छल है। अब सरकार यह कह रही है कि महिलाओं को 2100 रुपये नहीं, बल्कि पहले केवल 1100 रुपये ही दिए जाएंगे और शेष 1000 रुपये कभी बाद में, किसी शर्त के साथ जमा होंगे। यह साफ दिख रहा है कि भाजपा ने चुनाव से पहले महिलाओं से खुला झूठ बोला और अब उस झूठ को ढकने के लिए नियम बदल रही है।

### चुनाव से पहले किया था वादा

उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बिना किसी शर्त के हरियाणा की हर महिला को 2100 रुपये मासिक सहायता देने का वादा किया था।



न आय की सीमा बताई गई, न उम्र की, न बच्चों, पढ़ाई या कुपोषण की कोई शर्त थी। लेकिन आज स्थिति यह है कि योजना को जानबूझकर इतना जटिल बना दिया गया है कि ज्यादातर महिलाएं अपने-आप लाभार्थी सूची से बाहर हो जाएं। आय सीमा, बच्चों की शिक्षा, पोषण, उम्र और निवास जैसी शर्तें थोपकर सरकार ने यह सुनिश्चित कर दिया कि महिलाओं को तत्काल आर्थिक मदद न मिले और योजना सिर्फ कागजों और मंचों तक सिमट कर रह जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के 80 प्रतिशत अंक जैसी शर्तें गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए व्यावहारिक नहीं हैं। यह केवल प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सोची-समझी राजनीतिक धोखाधड़ी है।

## कांग्रेस नेता ने करनाल व पानीपत की घटनाओं पर चिंता जताई

# प्रदेश में कानून का शासन कमजोर पड़ा, हर दिन हो रही आपराधिक वारदातें : सैलजा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। प्रदेश में बढ़ते अपराध, लूटपाट, महिलाओं के खिलाफ जघन्य वारदातें और आम नागरिकों में फैलता भय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य में कानून का शासन कमजोर पड़ चुका है। सैलजा ने आज जारी एक बयान में कहा कि हाल ही में करनाल में सर्राफा व्यापारी पर हुए नृशंस हमले और पानीपत में महिला की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### चुनाव से पहले किया था वादा

उन्होंने कहा कि सरकार आपराधिक वारदातों पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि



गांव-शहर, बाजार-सड़क कोई भी जगह सुरक्षित नहीं रह गई है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध समाज के लिए कलंक हैं और यह स्थिति हरियाणा जैसे प्रगतिशील प्रदेश के लिए अत्यंत चिंताजनक है। केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि ठोस और सख्त कार्रवाई से ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है। खुद मुख्यमंत्री को इस ध्यान देकर स्थिति को संभालना होगा। सैलजा ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रदेश में तत्काल प्रभाव से कानून का शासन लागू किया जाए। अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस-प्रशासन को जवाबदेह बनाया जाए और जनता में सुरक्षा का भरोसा बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता शांति और सुरक्षा चाहती है।

### एचटेट का परिणाम बदलने की जांच करवाए सरकार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में परिणाम बदलकर 1284 अभ्यर्थियों को पास किए जाने का मामला पूरी तरह से संदिग्ध है और राज्य सरकार को इसकी जांच सीबीआई से करवानी चाहिए। दिग्विजय चौटाला ने एक प्रेस वार्ता में अनेक तथ्यों के साथ एचटेट घोटाले को उजागर किया और सरकार की शिक्षा एवं रोजगार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए। साथ ही दिग्विजय चौटाला ने हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल की नई भर्ती के लिए युवाओं को आयु सीमा में कम से कम तीन साल की छूट देने की मांग राज्य सरकार से की। उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा में देरी के चलते पुलिस की भर्ती की तैयारी में जुटे बहुत सारे युवा आयु सीमा के दायरे से बाहर हो गए है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि बीती 30 और 31 जुलाई 2024 को हुए एचटेट के परिणाम में जिस प्रकार का घोटाला हुआ है, उससे बिना पर्ची और बिना खर्ची का दावा करने वाली सरकार का चेहरा पूरी तरह उजागर हो गया है।

### मेक फॉर इंडिया से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार बढ़ेंगे : जेटली

**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 स्थित एचएसवीपी ग्राउंड में स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला का सफल आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला के अंतर्गत आज रविवार को युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह.व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा (प्रदीप) भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल कुछ पारंपरिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि देशी उत्पादों को गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जाए, ताकि स्वदेशी वस्तुएं युवाओं की मजबूरी नहीं बल्कि उनका फैशन और पसंद बनें।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचा ड्राइवर

**फरीदाबाद।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अजरोंडा चौक के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना कुछ देर पहले की है। गनीमत रही कि कार चालक समय रहते वाहन से बाहर निकल आया और उसकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले कार के बोनट से घना धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और कार धू-धू कर जलने लगी। हाईवे पर यातायात कुछ देर के लिए प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन संभावना है कि शॉर्ट सर्किट या इंजन ओवरहीटिंग इसका कारण हो सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरुग्राम में किशोरी ने फंदा लगाया

**गुरुग्राम।** बजघेड़ा थाना एरिया के न्यू पालम विहार फेज-2 में शनिवार को एक किशोरी ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। जानकारी अनुसार, बिहार के मुज्जफरपुर निवासी सितारा (16) वह न्यू पालम विहार फेज-2 में परिवार के साथ रह रही थी। शनिवार की दोपहर को सितारा ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस को निरीक्षण के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार वालों के अनुसार किशोरी पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थी। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। कोई संदिग्ध बात सामने आती है तो उसी आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग के आत्महत्या से परिवार में शोक का माहौल है।

### बोलेरो ने तीन साल के मासूम को कुचला

■ वाहन के आगे अचानक नीलगाय आने से चालक का संतुलन बिगड़ा

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया के गढ़ी गांव में बोलेरो ने तीन साल के मासूम को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की ही दर्दनाक मौत हो गई। बोलेरो को बच्चों का चाचा ही चल रहा था, जिसके चलते पुलिस में शिकायत नहीं दीं जा सकी है। जानकारी अनुसार असम मूल के इस्लाम ने बताया कि वह परिवार सहित करीब तीन माह पहले ही गुरुग्राम आया था। वे गढ़ी गांव के खेतों में बनी झुग्गियों में रह रहे हैं और कबाड़ का काम करते हैं। शनिवार की दोपहर को उसका बेटा आशिक इस्लाम झुग्गियों के पास खेल रहा था तो उसका चाचा बोलेरो गाड़ी को लेकर जाने लगा। इसी दौरान गाड़ी के आगे नील गाय आ गई। जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और तीन साल का आशिक इस्लाम गाड़ी की चपेट में आ गया। घायल बच्चे को तुरंत पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। जांच अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि गाड़ी के टायर नीचे आकर बच्चे की मौत होने के मामले में परिवार वालों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। बच्चे के परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।


**केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने निरीक्षण किया**

# सलाल विद्युत परियोजना को मिलेगी गति जल्द निकाली जाएगी बांध से गाद : मनोहर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने जम्मू-कश्मीर राज्य में चल रही विद्युत परियोजनाओं को गति देने के लिए जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने सलाल विद्युत परियोजना को गति देने के साथ बांध से गाद हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने, विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने रियासी, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में भी परियाजनाओं का निरीक्षण किया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को एनएचपीसी के सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया, जहां पर उन्होंने चल रहे कामों की समीक्षा की और एनएचपीसी को सलाल जलाशय (बांध) से गाद हटाने के काम में तेजी जाने के निर्देश दिए।

■ एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहे



### सिंधु जल संधि खत्म करने के बाद परियोजना के विकास में तेजी

बता दें, रियासी जिले में चिनाब नदी पर स्थित सलाल पावर स्टेशन सिंधु जल संधि के खत्म होने के बाद गाद हटाने का काम किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जमा हुई गाद को हटाने के साथ जल संसाधनों का ज्यादा इस्तेमाल में लाना है। जम्मू दौरे पर पहुंचने पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का एनएचपीसी लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने किया। भूपेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री और सचिव (पावर) को जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में स्थित एनएचपीसी की विभिन्न चल रही और प्रस्तावित जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

### पॉवर स्टेशन पर पौधरोपण किया

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने जम्मू दौरे के दौरान सलाल पावर स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। मनोहर लाल ने स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों के समयबद्ध और समन्वित क्रियान्वयन पर चर्चा की।

### सावलकोट परियोजना की जानकारी ली



वहीं, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने किश्तवाड़ जाते समय मार्ग में 1856 मेगावाट क्षमता वाली सावलकोट जलविद्युत परियोजना का हवाई निरीक्षण किया। किश्तवाड़ पहुंचने पर उन्होंने रैटल जलविद्युत परियोजना का दौरा किया, जहां उन्होंने बांध कंक्रीटिंग कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने परियोजना टीम को प्रभावी ढंग से और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। केंद्रीय मंत्री किश्तवाड़ में एनएचपीसी की अन्य चल रही परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया।

# लोको पायलट ने समय से पहले चलाई ट्रेन, चढ़ रही कई सवारियां नीचे गिरीं

**जीआरपी ने लोको पायलट पर हत्या के प्रयास का किया केस दर्ज, जांच में जुटे अधिकारी**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़-पंचकूला रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट ने डिपार्चर टाइम (चलने का समय) से पहले ट्रेन चला दी। जिससे ट्रेन में चढ़ रही कई सवारियां नीचे गिर गई। एक यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच में फंस गया। आसपास खड़े लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला। वहीं, एक दूसरा व्यक्ति भी नीचे गिर गया गया, जिसे बचाने के लिए उसकी बेटी ट्रेन से कूद गई। उनके पैर में चोट आई है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि इस घटना में ट्रेन में मौजूद टीईटी को भी चोटें आई हैं। उनका टैबलेट तक टूट गया। अब इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है, जिसमें यात्री अचानक ट्रेन चलने से नीचे गिर गया। वहीं, मामले में अब लोको पायलट के खिलाफ जीआरपी ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो देखकर मामले की जांच की जा रही है। घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे की है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर कालका-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12006) में सवार शिकायतकर्ता सुरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि कई यात्री ट्रेन में चढ़ रहे थे, लोको पायलट ने ट्रेन को अचानक आगे बढ़ा दिया। अचानक ट्रेन रुकने और फिर चलने से यात्रियों का संतुलन बिगड़ गया। कई लोग प्लेटफॉर्म पर गिर गए, जिनमें महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल थे। शुभम नाम के एक यूजर ने एक्स पर ट्वीट करते हुए मामले की शिकायत की। इसके बाद जीआरपी ने संज्ञान लेते हुए लोको पायलट के खिलाफ एफआई दर्ज की।

### ट्रेन में सवार एक टीटीई को भी चोट आई

सुरेंद्र ने बताया कि वह पत्नी सुमन और बेटी स्वास्तिका के साथ चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन में गिरने से स्वास्तिका के पैर में भी चोट आई है। सुरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि ट्रेन में सवार एक टीटीई को भी चोट आई है। टिकट चेक करते समय टीईटी के पास टूटा हुआ टैबलेट था। जो ट्रेन चलने पर नीचे गिरकर टूट गया। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर कालका-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12006) के लोको पायलट पर जीआरपी ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। ट्रेन के लोको पायलट पर आरोप है कि उसने बिना अनुमति और घोषणा के निर्धारित समय से पहले ही ट्रेन चला दी।

## खबर संक्षेप

### 40 मामलों में वांछित हुक्ड़ी का एनकाउंटर



**पलवल**। जिले में सीआईए ने मुठभेड़ के बाद सात हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गोकशी, चोरी, लूट और डकैती जैसे 40 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीआईए हथीन प्रभारी पीएसआई दीपक गुलिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि खिल्लुका गांव निवासी मुश्ताक उर्फ हुक्ड़ी हथीन बाईपास रोड से केएमपी की ओर किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा है। वहां एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने बाइक को खेतों में उतार दिया। उसने पुलिस पर गोली चला दी, जो गाड़ी के बोनट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली मुश्ताक के पैर में लगी। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

### पंजाब रोडवेज बस की चपेट में आने से मौत

**कैथल**। कैथल के गांव पाडला में पंजाब रोडवेज की एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक सुबह करीब 8 बजे खेत में गया था। जब वापस आ रहा था तो यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान गांव छौत के 38 वर्षीय नसीब सिंह के रूप में हुई है। मृतक के चाचा कुलदीप ने बताया कि नसीब की गांव पाडला में सेनेटरी की दुकान है। रविवार को वह अपने खेतों में गया था और जब वहां का काम निपटाकर वापस आया और कैथल-खनोरी मार्ग पर चढ़ने लगा तो गलत दिशा में आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि नसीब सिंह की शादी हो चुकी है। उसका एक बेटा भी है।

## कटी पतंग लेने आए बच्चे ने खेत में सब्जियां रौंदी तो मचा बवाल

# बच्चे को डांटा तो पड़ोसी दंपति ने युवक की चाकू मार की हत्या

- शनिवार दोपहर को पुलिस ने आकर विवाद करवाया था शांत, रात को दंपति ने रंजिशन घोंप दिया चाकू
- पुलिस ने आरोपी दंपति और नाबालिग बेटे व बेटी पर भी किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के भंभोली में पतंग उड़ाने को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व नाबालिग बेटा व बेटी के साथ मिलकर गांव के ही 42 वर्षीय राजेश की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी दंपति व उनके दो नाबालिग बच्चों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव भंभोली निवासी सुशील कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके चाचा फूलचंद ने गांव के पास ही खेत में सब्जियां उगाई हुई है। शनिवार दोपहर को उसके चाचा फूलचंद का पड़ोसी रामकुमार उर्फ रामू का बेटा इलेश पतंग उड़ा रहा था। इलेश का पतंग कटकर खंभे में जा फंसा। इस दौरान इलेश उसके चाचा फूलचंद के खेतों में उगाई सब्जियों को रौंदता हुआ पतंग लेने के लिए पहुंचा। इस दौरान पतंग की डोर से इलेश की अंगुली कट गई। उसके चाचा फूलचंद ने इलेश को सब्जी रौंदने की बात कहकर डांट दिया। यह बात इलेश ने अपने घर जाकर अपने पिता रामकुमार और मां जसविंदर कौर को बताई। मौके पर पहुंचे रामकुमार और उसकी पत्नी जसविंदर कौर ने उसके चाचा फूलचंद के साथ मारपीट की और गाली गलौज किया। इस दौरान उसके चचेरे भाई राजेश भी वहां आ गया। राजेश ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उनको समझाकर मामला शांत करवा दिया।



यमुनानगर। अस्पताल में जुटे मृतक के परिजन व इनसेट में मृतक राजेश का फाइल फोटो।

### टहलने निकला तो किया हमला

शनिवार रात करीब 10 बजे मृतक राजेश खाना खाने के बाद घर के बाहर टहलने के लिए निकला था। इस दौरान रामकुमार ने अपनी पत्नी जसविंदर कौर व नाबालिग बेटा व बेटी के साथ मिलकर राजेश पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना छप्पर प्रभारी वेदपाल टीम के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मामले में आरोपी रामकुमार उर्फ रामू, उसकी पत्नी जसविंदर कौर तथा नाबालिग बेटा व बेटी के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### डीजीपी के निर्देश पर गुरुग्राम में 22 एसएचओ बदले

गुरुग्राम। गुरुग्राम में पुलिस विभाग में बड़ा असर देखने को मिला है। डीजीपी अजय सिंघल के पदभार संभालन के बाद इसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। डीजीपी के निर्देशों पर पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों का ट्रांसफर कर दिया। कुल 22 इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया गया है। बताया जा रहा है कि तबादले वाले कई एसएचओ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नजदीकी हैं। हालांकि पुलिस कमिश्नर ने इस फेरबदल को रूटीन वर्क बताया है।

## नौकरी छूट जाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नौकरी छूट जाने से परेशान सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। जांच अधिकारी सूरत पाल ने बताया कि सुबह तीन बजे न्यू टाउन और फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के बीच शव पड़े होने की सूचना मिली।

पास में मिले फोन से मृतक की पहचान 35 वर्षीय विक्रम के रूप में हुई है। वह सेक्टर-10 में मां सुमन के साथ रहता था। विक्रम की अभी शादी नहीं हुई थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आत्महत्या से पहले विक्रम काफी देर तक ट्रैक के पास बैठा था। फिर कुछ देर बाद अचानक ट्रेन के आगे कूद गया। टविक्रम एक निजी कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। नौकरी छूट जाने के बाद से मानसिक तनाव से जूझ रहा था।

आत्महत्या से पहले रात करीब 10 बजे विक्रम ने मां सुमन के साथ खाना खाया था। खाना खाते समय भी विक्रम आत्महत्या करने के अलग-अलग तरीकों का जिक्र कर रहा था। इस पर सुमन ने तब तो बेटे को समझाकर शांत करा दिया था।

## बहादुरगढ़ में भाजपा नेता के स्कूल के बाहर बदमाशों ने रात में की ताबड़तोड़ फायरिंग

- भाई को बदमाशों ने गालियां देकर दी चेतावनी, घटना सीसीटीवी में कैद, पहले भी मिल चुकी है रंगदारी मांगने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता, हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश कोच के बेरी रोड स्थित स्कूल के बाहर शनिवार रात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। दर्जनभर गोलियां चलाने के बाद बदमाश फरार हो गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने राकेश कोच के भाई योगेश का नाम लेकर व गालियां देकर गोलियां चलाई हैं। योगेश का स्कूल भी इसी के बराबर में है।

बता दें कि भाजपा नेता राकेश कोच को पूर्व में एक गैंगस्टर ने रंगदारी की डिमांड करते हुए धमकी दे रखी है।

फिलहाल फायरिंग का मामला राकेश के भाई योगेश उर्फ सीटू से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। बदमाशों ने सीटू का नाम लेकर गालियां देते हुए गोलियां चलाई हैं। एसीपी प्रदीप खत्री का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर मामला योगेश उर्फ सीटू से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। सीटू पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## भड़काऊ बयान मामले में अजय चौटाला के खिलाफ एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



जजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला के खिलाफ अधिवक्ता प्रदीप कालीरमन ने एसपी कार्यालय में शिकायत दी है। शिकायत में अजय सिंह चौटाला पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया है।

28 दिसंबर को अजय सिंह चौटाला ने महेंद्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सरकार के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया था। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अजय सिंह चौटाला ने कहा था कि भारत में भी नेपाल और बंगलादेश की तरह शासकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटना चाहिए। शिकायत में अधिवक्ता प्रदीप कालीरमन ने कहा कि अजय सिंह चौटाला ने युवाओं को उकसाने का काम किया है। इस तरह की बयानबाजी से देश व प्रदेश के युवाओं में अशांति फैल सकती है। हालांकि अभी पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया, लेकिन मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 39 साल बाद घर में लड़की पैदा होने पर कुआं पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

- ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव को करवाया भोज

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव के एक परिवार में 39 साल बाद लड़की पैदा होने की खुशी में कुआं पुजन किया गया। ढोल-नगाडों के साथ खुशी मनाई गई और पूरे गांव को भोज करवाया गया। पौली गांव निवासी संजय ने बताया कि उनके घर में 39 साल पहले उनकी बहन ने जन्म लिया था। उसके बाद अब उनके घर में किसी बेटी ने जन्म लिया है। उनका परिवार लड़का और लड़की में कोई अंतर नही मानता। लड़कियां आज के युग में किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। लड़की की माता ने बताया कि लड़कियां आज के समय में खेल, शिक्षा व सेना आदि किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं।



जींद। पौली गांव में लड़की के जन्म पर कुआं पूजन को जातीं महिलाएं।

### स्कूल टूर पर खाटू गई छात्रा की हादसे में मौत, प्रबंधन पर आरोप

**कुरुक्षेत्र**। राजस्थान में नववर्ष पर खाटू श्याम के दर्शन करने गए निजी स्कूल का टूर विवादों में आ गया है। रास्ते में हुए सड़क हादसे में एक 15 वर्षीय छात्रा पायल की मौत हो गई, जबकि प्रिंसिपल समेत अन्य स्टाफ घायल हो गया। छात्रा के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर जबरदस्ती टूर पर ले जाने और बेटी की मौत के बाद शव को अस्पताल में ही छोड़कर भागने के आरोप लगाए।

पिता संजीव कुमार निवासी धंतौड़ी ने बताया कि 1 जनवरी सुबह को यह टूर गया था। वह इसके लिए बार-बार मना कर रहा था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने दबाव बनाया और बेटी को ले गए। एक जनवरी की रात 12 बजे जब वे लौट रहे थे तो रास्ते में स्कूल की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। अगली सुबह 10 बजे तक भी स्कूल प्रबंधन ने उनको एक्सीडेंट की सूचना तक नहीं दी।


हरियाणा सरकार | Industrial Training Institute

हरियाणा सरकार द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हरियाणा ने आम नागरिकों के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से अब सरकारी आई.टी.आई. की Library और Workshop सुविधाओं का उपयोग आम जनता भी कर सकेगी।

पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सुविधाएं



नागरिक निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे
» सरकारी आई.टी.आई. की Library का उपयोग
» Workshop Equipment एवं Tools का इस्तेमाल
» Online पंजीकरण द्वारा सुविधाओं की Advance Booking

Registration Link: www.itiharyana.gov.in



सुविधा प्रारंभ होने की तिथि

5 दिसम्बर, 2025 से यह पोर्टल आम जनता के लिए आधिकारिक रूप से उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

यह हरियाणा सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जो Skill Development को नई दिशा प्रदान करेगी।

निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष, आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक

सोमनाथ...ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है।

*"सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥"*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

## सोमनाथ मंदिर आज भी हमारे विश्वास का मजबूत आधार हमारी शक्ति का पुंज

### हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है।



### गजनवी नहीं छीन सका हमारी भावना

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया।

### करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा

हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोले गए

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।" ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था।



## एसी, बाथ फिटिंग और किचन का सामान होगा महंगा!

**नई दिल्ली।** कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल जैसी धातुओं में तेजी से एसी, बाथ फिटिंग और किचन में बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमत 3,000 डॉलर प्रति टन से अधिक हो गई है, जो कि बीते तीन वर्षों में सबसे ऊंची कीमतें हैं। कॉपर का दाम ऑल-टाइम हाई 12,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया कि इन धातुओं विशेषकर कॉपर की कीमतों के उम्मीद से अधिक बढ़ने के कारण कई निर्माताओं की इनपुट लागत बढ़ गई है और वह और अधिक भार वहन करने में असमर्थ हैं, जिसके चलते एसी, किचन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बाथ फिटिंग्स और कुकवेयर के दाम बढ़ सकते हैं।।

(एजेंसी)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग का सुझाव, कर नीति प्राथमिकता के आधार पर हो दुरुस्त

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर सरकार को कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

- उपभोग बढ़ाने के नाम पर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

## इससे आयकर व जीएसटी दोनों मदों में राजस्व नुकसान हो रहा

### सरकार को कर नीति सही करना होगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, "केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है।"



### घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा

गर्ग ने कहा, "इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।"

### राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह नरम

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है।

### कर नीति सभी प्रकार के निवेश पर समान हो

यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

### बचतकताओं को अपने विवेक से निर्णय लेने दें

गर्ग ने कहा, "बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई बचत योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।" कर सुधारों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, "आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए।"

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने न्यूबंगाईगांव कारखाना केआधुनिकीकरण में नए बेंचमार्क स्थापित किए



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने दिसंबर 2025 के दौरान न्यू बंगाईगांव कैरेज एंड वैगन कारखाना में उल्लेखनीय बुनियादी ढांचा और परिचालनिक माइलस्टोन हासिल किए, जो भारतीय रेलवे की व्यापक सुधार और अपग्रेडेशन पहलों के अनुरूप रेलगाड़ियों के रखरखाव में आधुनिकीकरण, परिचालन दक्षता और उत्कृष्टता पर इसके निरंतर फोकस को पुनः दोहराते हैं।

इस उपलब्धि में कई इजाफा करते हुए, न्यू बंगाईगांव कारखाना को 2024 के दौरान राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा रेल मंत्रालय का राजभाषा शील्ड तथा 14,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इन उपलब्धियों सेएनएफआर का गौरव बढ़ा है। उक्त महीने के दौरान, न्यू बंगाईगाँवकारखाना ने असेंबल्ड डेमू डीपीसी बोगियों के लिए एक स्वदेशी परीक्षण बेंच भी विकसित किया, जो ट्रैक्शन मोटर्स की स्थापना पूर्व परीक्षण और त्रुटियों का प्रारंभिक पता लगाना संभव बनाता है। इस प्रणाली में अनिवार्य एक घंटे का रनिंग परीक्षण, कंपन और बेयरिंग तापमान के सटीक समय पर निगरानी तथा हाई-एक्यूरेसी डायल गेज का उपयोग कर सटीक बैकलैश मापन शामिल है, जिससे समय और जनशक्ति में उल्लेखनीय बचत होती है।

न्यू बंगाईगाँवकारखाना में 25 कोचों के लिए रोलिंग स्टॉक कार्यक्रम के आवंटन के बाद एलएचबी कोचों की मिड-लाइफ रिहैबिलिटेशन (एमएलआर) को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है।

### कॉपर की कीमत में उछाल

बार-बार आपूर्ति में रुकावटों के बीच कॉपर ने 2009 के बाद से सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी दर्ज की। इंडोनेशिया, चिली और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में माइनिंग दुर्घटनाओं और चिली की एक बड़ी खदान में मजदूरों की हड़ताल ने उपलब्धता को कम कर दिया है, जबकि ट्रेड की अनिश्चितताओं के कारण अमेरिका को शिपमेंट में तेजी आई है।

**सूचना**

मैं, मालाराम पुत्र श्री सुल्तान सिंह निवासी गांव टिटौली, तहसील व जिला रोहतक (हाल पता बरसी नगर, जींद बाईपास चौक, रोहतक) बयान करता हूं कि मेरी पुत्री जहारा जो कि विवाहित है मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### डी-मार्ट की आय 13% बढ़कर 17,612 करोड़

नई दिल्ली। खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर आय 13.15 प्रतिशत बढ़कर 17,612.62 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से आय 15,565.23 करोड़ रुपये थी।

# एफआईआई के रुख से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, "इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी।



वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।"

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, "बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के नतीजों पर है। निवेशक नतीजों से पहले प्रमुख दिग्गज कंपनियों में चुनिंदा रूप से अपनी पोजीशन बना सकते हैं। घरेलू स्तर पर, सेवा और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े व्यापारिक गति और रोजगार के रुझानों के बारे में जानकारी देंगे।"

**निवेशक बेरोजगारी के आंकड़ों पर देंगे ध्यान :** जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले सप्ताह के लिए निवेशक वैश्विक बाजार की दिशा के लिए अमेरिकी पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर ध्यान देंगे। कुल मिलाकर भावना रचनात्मक रहने की उम्मीद है, हालांकि बाजार एक स्थिर दायरे में रह सकते हैं।

### कच्चे तेल पर भी रहेगी नजर

पोनमुडी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

### बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ करेगी पेश

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार यह निर्गम पूरी तरह से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा 46.57 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


## शब्द पहेली - 6099



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6098 का हल



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश सिंघल, पुत्र** स्व0 वी.पी. गुप्ता, **निवासी:** मकान नं0-246, सेक्टर-28, फरीदाबाद, हरियाणा, **यहां भी:** मकान नं0-104, वार्ड सं0-4, सैयद वाडा, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा, ने **FIR No. 57/2018, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण-पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश सिंघल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश सिंघल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 57/2018, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण-पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजेश सिंघल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11 (दक्षिण पूर्व),
कमरा संख्या 9, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/185/SE/2026
(Court Matter)



# यह लोकतंत्र नहीं, झुंडशाही बन गया, पहले वोट चोरी होती थी, अब उम्मीदवार ही चुरा ले रहे

## रिटर्निंग अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड सार्वजनिक करें

**चुनाव से पहले ठाकरे बंधुओं की ललकार**

**उद्धव और राज ठाकरे ने धांधली के लगाए आरोप**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर सत्ताधारी गठबंधन और चुनावी प्रक्रिया पर तीखा हमला बोला। इस दौरान दोनों नेताओं ने जल्द ही अपना संयुक्त चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की घोषणा भी की। उद्धव ने कहा अब यह लोकतंत्र नहीं रहा, यह झुंडशाही बन चुका है। पहले वोट चोरी होती थी, अब उम्मीदवार ही चुरा लिए जा रहे हैं।



घोषणा पत्र जारी करते ठाकरे बंधु

**चुनाव आयोग को खुली चुनौती दी**

उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, वे खुद को पौराणिक उपलब्धियों से जोड़ते हैं, लेकिन वर्षों पहले समुद्र में पूजा करने के बावजूद छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा आज तक सामने नहीं आई। उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग को खुली चुनौती देते हुए कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं, ताकि सच सामने आ सके।

### स्पीकर नार्वेकर पर गंभीर आरोप लगाए

उद्धव ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का खुलेआम उम्मीदवारों और मतदाताओं को धमकाना बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल नार्वेकर को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। उद्धव ने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा के बाहर अधिकारियों को नेताओं की सुरक्षा हटाने का निर्देश नहीं दे सकते।

### राज बोले- अब भाजपा चुप क्यों?

राज ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने बंगाल में निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन अब महाराष्ट्र में वह इस पर चुप क्यों है? राज ठाकरे ने चेतावनी देते हुए कहा कोई भी सत्ता स्थायी नहीं होती। जो सोचते हैं कि वे कभी सत्ता से बाहर नहीं होंगे, उन्हें फिर से सोचना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र को उत्तर प्रदेश और बिहार की राह पर ले जाया जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र ने हमेशा देश को दिशा दिखाई है।

## ठाकरे बंधुओं का घोषणापत्र

## 100 यूनिट तक फ्री बिजली, 10 रुपए में देंगे खाना और नाश्ता

उद्धव और राज ठाकरे ने मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। ठाकरे बंधुओं ने मुंबई की जनता के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उद्धव और राज ठाकरे द्वारा मुंबईकर के लिए जारी किए गए इस घोषणापत्र में टैक्स माफी का भी जिक्र है। जिसके अनुसार अब 700 वर्ग फीट तक के घरों पर प्रॉपर्टी टैक्स पूरी तरह माफ किया जाएगा। 10 रुपए में खाना और ब्रेकफास्ट दिया जाएगा। हर एक वार्ड में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। मुंबई नगर निगम में खाली पदों को भरा जाएगा। नगर निगम के स्कूलों को बिल्डरों के हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा। मुंबई नगर निगम बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी बनाएगा। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। पानी की कीमतें स्थिर रखकर मुंबई वासियों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें राजधानी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। यह सत्र 8 जनवरी तक चलेगा। विधानसभा भवन फिर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा,जहां जनप्रतिनिधि कई मुद्दों को सदन में उठाएंगे। इस दौरान सरकार सदन में 3 अहम कैग रिपोर्ट भी पेश करेगी।

### घोखाधड़ी में वृद्ध से 7.12 करोड़ की ठगी



**हैदराबाद।** हैदराबाद में मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों ने 81 वर्षीय एक व्यक्ति को मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में शामिल होने की धमकी देकर 'सत्यापन' के बहाने उससे 7.12 करोड़ रुपए ठग लिए। साइबर ठगों ने पीड़ित को फोन किया और खुद को एक कूरियर कंपनी का प्रतिनिधि बताया।

### सड़क हादसे में गई जान 36 लाख मुआवज़ा दें



**ठाणे।** ठाणे के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम को सड़क हादसे में मारे गए एक शख्स के परिवार को 36.31 लाख का मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। एमएसआरटीसी की बस और बाइक की आमने-सामने की टक्कर के बाद शख्स की मौत हो गई थी। न्यायाधिकरण ने इसके लिए बस चालक को जिम्मेदार माना।

### अवैध खदान में चट्टान गिरी, 2 की मौत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पत्थर की एक अवैध खदान में चट्टान गिरने से कम से कम 2लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम मोटांगा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित खदान में उस समय की है जब कुछ मजदूर पत्थरों की खुदाई और उन्हें निकालने का काम कर रहे थे। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### गुवाहाटी में होगा कपड़ा मंत्रियों का सम्मेलन



**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में गुरुवार से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का विषय 'भारत का कपड़ाः बुनाई विकास, विरासत और नवाचार' है। 2 दिनी सम्मेलन राज्य सरकार के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक कपड़ा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

## काशी में वॉलीबॉल महाकुंभ का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

**नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव से की शुरुआत**

# जीत हमारे अकेले की नहीं होती, सशक्त टीम से ही सभी चख सकेंगे जीत का स्वाद

### सीएम योगी की मौजूदगी में वर्चुअल रूप से जुड़े प्रधानमंत्री



**बनारस के जानल चाहत हउआ त बनारस आवे के ...**

**पीएम मोदी ने कहावत के माध्यम से लोगों के साथ ही खिलाड़ियों को सीख भी दे दी**





वर्चुअली नेताओं और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/वाराणसी

यहां के सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। दोपहर 12 बजे आयोजन में जब पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़े तो पूरा स्टेडियम हर-हर महादेव के नारे से गूंज उठा। वहीं, पीएम मोदी ने नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव के जयघोष के साथ स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों, उनके कोच और कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने वॉलीबॉल खिलाड़ियों से कहा कि एक कहावत है कि बनारस के जानल चाहत हउआ त बनारस आवे के पड़ी... अब आप सभी बनारस आ गए हैं तो यहां की संस्कृति को भी समझ जाएंगे। आप सभी को यहां उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक मिलेंगे। वॉलीबॉल हमें टीम फर्स्ट का संदेश देती है, सभी प्लेयर्स अपनी टीम के लिए खेलते हैं। यह खेल हमें सिखाता है कि कोई भी जीत हमारे अकेले की नहीं होती है। टीम की जीत से सभी जीतते हैं। हमारे देश में भी (इंडिया फर्स्ट) की भावना है। सुबह 11:00 बजे तक सिगरा स्टेडियम में वॉलीबाल खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता और कार्यकर्ता जुट गए थे।

### देशभर के खिलाड़ी जुटे

सीएम योगी के आगमन और वर्चुअल रूप से पीएम मोदी को देखने के लिए आतुर भाजपा कार्यकर्ता मोदी-योगी जल्दी आवा व हर हर महादेव के नारे लगा रहे थे। योगी जब सिगरा स्टेडियम पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। काशी में पहली बार इस तरह के वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देश भर से 58 टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन के लिए स्टेडियम को रंग-बिरंगे फ्लैग, चैंपियनशिप के बैनर , होर्डिंग से सजाया गया था।

### पहले खेला जाता था भ्रष्टाचार का खेल

योगी ने कहा कि देश के खिलाड़ी जब एशियन गेम्स व कॉमन वेल्थ गेम्स में प्रतिभाग करने जाते हैं तो प्रधानमंत्री उनसे बात करते हैं। पहले तो भ्रष्टाचार का खेल भी खेला जाता था।

### भाजपा कार्यकर्ता भी जुटे

योगी का मंच पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और महापौर अशोक तिवारी ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद वंदे मातरम... गीत गया गया। योगी के साथ विधायक रवींद्र जायसवाल, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ तिवारी, हंसराज विश्वकर्मा भी थे।

### 'राष्ट्रमंडल सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 15 जनवरी को राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 से 17 जनवरी तक संविधान सदन के 'सेंट्रल हॉल' में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 4दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। सम्मेलन का मुख्य ध्यानाकर्षण संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के उपयोग पर रहेगा। सम्मेलन के दौरान 'संसद में एआईः नवाचार, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन', 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' तथा 'संसद सदस्यों और संसदीय कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण' पर सत्र होंगे।

### कांग्रेस ने 5 राज्यों के लिए चयन समिति बनाई

## प्रियंका को असम की तो हरिप्रसाद को मिली बंगाल की जिम्मेदारी

**वेणुगोपाल ने की चयन समितियों की घोषणा**





प्रियंका गांधी और हरिप्रसाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार रात उन 5राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चयन समितियों की घोषणा की, जहां इस साल के पहले 6 महीनों में चुनाव होने वाले हैं।पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए चार सदस्यीय समितियां बनाई गई हैं।

इनका मुख्य कार्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देना होगा। प्रियंका गांधी वाड्रा असम समिति का नेतृत्व करेंगी। कांग्रेस भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रयास कर रही है। उनके साथ लोकसभा सांसद इमरान मसूद, सप्तगिरी शंकर उलाका और सिरिवेल्ला प्रसाद को असम समिति का सदस्य बनाया गया है।

### मधुसूदन होंगे बंगाल चयन समिति के प्रमुख

अन्य राज्यों की बात करें तो वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री केरल के लिए चयन समिति के प्रमुख होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए समिति की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को चयन समिति का प्रमुख बनाया गया है। संबंधित राज्यों के प्रभारी महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता भी अपने-अपने राज्यों की समितियों के पदेन सदस्य होंगे।


### मार्च-अप्रैल में असम में चुनाव संभावित

असम की 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। पिछले महीने कांग्रेस ने वाम दलों और कई क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए एक साझा मंच तैयार किया था। वर्तमान में असम विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास 64 सीटें हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास 26 विधायक हैं। बाकी बची अन्य सीटें स्थानीय पार्टियों के पास है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक

## संघ प्रमुख वृंदावन में विस्तार और घटनाओं पर करेंगे मंथन

एजेंसी ▶▶ मथुरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार सुबह भोपाल से रेल मार्ग द्वारा वृंदावन स्थित केशवधाम पहुंचे। वे 7 दिन के प्रवास पर रहेंगे। भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संघ प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक की शुरुआत हुई। बैठक के पहले दिन 4 सत्र आयोजित होंगे। केंद्रीय कार्यकारिणी के 38 पदाधिकारी संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संघ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को संगठन से जोड़ने के तरीकों पर विचार किया जाएगा। पलायन की समस्या, सामाजिक समरसता, पड़ोसी देशों में हो रही हलचल और हिंसक घटनाओं जैसे विषयों पर भी मंथन होगा।

### एम्स की 'आश्रय' पहल

## संवेदनशील,गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवा यहां सुनिश्चित की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने रोगी देखभाल को नई दिशा देते हुए एक ऐसी पहल शुरू की है, जो अस्पताल की चारदीवारी से बाहर भी संवेदनशील और गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सहयोग से शुरू की गई 'आश्रय' सुविधा उन मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए राहत बनकर उभरी है, जिन्हें ओपीडी सेवाओं के लिए अक्सर रातभर अस्पताल के बाहर इंतजार करना पड़ता था। एक एम्स में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज दूर-दराज़ से पहुंचते हैं। ऐसे में पंजीकरण से पहले कतारें और इंतजार चुनौती रही है। इसी के समाधान के तौर पर 'आश्रय' सुविधा को विकसित किया गया है, अब रात के समय एम्स पहुंचने वाले मरीजों की पहचान की जाती है और उन्हें पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक शटल बसों के माध्यम से 'आश्रय' केंद्र तक ले जाया जाता है।

## 500 दोपहिया वाहन हो गए खाक



**त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में आग**

त्रिशूर। केरल के त्रिशूर में रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रविवार को आग लग जाने से लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारी ने बताया कि पार्किंग क्षेत्र में सुबह 6.20 बजे आग लगी और इस संबंध में अग्निशमन विभाग को 6.40 बजे जानकारी मिली। सुबह करीब 7.45 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### सीबीएसई देश के बड़े संस्थानों में एक्सपोजर दौरा कराएगा

# 22 से 30 जनवरी तक प्राचार्य सीखेंगे कौशल विकास

### नई शिक्षा नीति के तहत कौशल और व्यावसायिक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिलेली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कौशल, अनुभव आधारित शिक्षा और उभरते शैक्षणिक ट्रेंड्स से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसके लिए सीबीएसई देश के चुनिंदा संस्थानों में प्राचार्यों का एक्सपोजर दौरा कराएगा। यह दौरा 22 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित है। इसमें भाग लेने के लिए प्राचार्यों को पंजीकरण कराना होगा। सीबीएसई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अपने संबद्ध स्कूलों में कौशल और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने 2वर्ष पहले प्राचार्यों के लिए एक्सपोजर विजिट योजना शुरू की थी, जिसके तहत देश के नामचीन संस्थानों का चयन किया जाता है।

**देश के 5 संस्थानों का किया चयन**

### मुंबई, पंजाब, असम, झारखंड और बंगाल बनाए गए केंद्र



सीबीएसई

चयनित संस्थानों में मुंबई की एटलस स्किल टेक यूनिवर्सिटी, पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, असम स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, झारखंड का बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और पश्चिम बंगाल स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट शामिल हैं।

**एक्सपोजर विजिट और कौशल शिक्षा पर फोकस**

इन एक्सपोजर विजिट्स का उद्देश्य स्कूल प्राचार्यों को बेस्ट प्रैक्टिस से सीधे तौर पर परिचित कराना, कौशल और वोकेशनल शिक्षा को मुख्यधारा की पढ़ाई से जोड़ने में मदद करना तथा इंटरैक्टिव और शिक्षण पद्धतियों की समझ विकसित करना है।

### कौशल बोध सीरीज प्रिंट कर सकेंगे डाउनलोड

कौशल शिक्षा के लिए सीबीएसई की पाठ्यपुस्तकें प्रिंट रूप में उपलब्ध हैं। इन्हें एनसीईआरटी की वेबसाइट के साथ-साथ सीबीएसई की एकेडमिक वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। मालूम हो कि सीबीएसई की ओर से पहले स्पष्ट किया जा चुका है कि कौशल शिक्षा लागू करने के बाद स्कूल को साल के अंत में कौशल मेला आयोजित करना चाहिए।

### बंगाल के बाद अब शाह पहुंचे तमिलनाडु

## रणनीति और एजेंडा तय करेंगे यहां विवादों को भी निपटाएंगे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



**शाह पोंगल उत्सव में भी भाग लेंगे**

पश्चिम बंगाल में संगठनात्मक एकता को बढ़ावा देने और भाजपा का एजेंडा तय करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह एक अन्य चुनावी राज्य तमिलनाडु में होंगे। शाह रविवार से दो दिनों के लिए चुनाव वाले इस राज्य में पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देंगे।

तमिलनाडु में एआईएडीएमके की सहयोगी पार्टी होने के बावजूद, उन्हें कई मुद्दों का सामना कर रहे गठबंधन को दिशा देने में अहम भूमिका निभानी होगी। शाह के कार्यक्रम में पुदुक्कोट्टई में राज्यव्यापी यात्रा के समापन समारोह में शामिल होना शामिल है। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा तमिलनाडु के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने किया था। इसमें तमिल गौरव को बढ़ावा दिया गया था ताकि सत्तारूढ़ डीएमके गठबंधन द्वारा भाजपा को राज्य के मूल्यों के विरुद्ध संगठन के रूप में पेश करने का खंडन किया जा सके। इसके अलावा, वे भाजपा के प्रमुख नेताओं की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पोंगल उत्सव में भी भाग लेंगे।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।



वेनेजुएला मामला

हिमांशु घिल्डियाल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका द्वारा गिरफ्तार करने के बाद यह लैटिन अमेरिकी देश सुर्खियों में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस कृत्य के लिए दुनियाभर से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस घटनाक्रम के बाद उपजे कुछ सवाल नई चिंता खड़ी करते हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के औचित्य का है, क्योंकि वीटो अधिकार वाले अमेरिका के खिलाफ वह कुछ कर सकेगी, इसमें शक है।

# अमेरिकी कार्रवाई खोलेगी यूएन की पोल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका द्वारा गिरफ्तार करने के बाद यह लैटिन अमेरिकी देश सुर्खियों में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस कृत्य के लिए दुनियाभर से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि आत्ममुग्धता के लिए जाने जाने वाले राष्ट्रपति ट्रंप खुद की और अपने सैनिकों की प्रशंसा करने में व्यस्त हैं। उन्होंने मादुरो दंपति पर अब न्यूयॉर्क में आतंकवाद और मादक पदार्थों से जुड़े आरोप तय किए हैं। साथ ही मादुरो पर नार्को-आतंकी संगठन चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिका के भीतर और बाहर दोनों जगहों से इस अभियान की वैधता पर सवाल उठाए गए हैं। यहां तक कि ट्रंप के कुछ सहयोगियों ने भी संकेत दिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है। भारत ने इस पूरे संकट पर सतर्क प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूरे मामले का समाधान बातचीत से निकालने की सलाह दी है। चीन, रूस और उत्तर कोरिया ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और ट्रंप के कदम का विरोध किया है। चीन के इस रुख के बावजूद विशेषज्ञ इस पूरे घटनाक्रम के बाद चीन को लेकर ही अधिक आशंकित हैं। उनका मानना है कि वाशिंगटन ने मादुरो को बलपूर्वक अगवा करके ताइवान में चीन के लिए रास्ता खोल दिया है। इससे नए साल के शुरू में जारी यह अशांति अन्य क्षेत्रों में भी पांव पसार सकती है। इस घटनाक्रम के बाद उपजे कुछ सवाल नई चिंता खड़ी करते हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के औचित्य का है, क्योंकि वीटो अधिकार वाले अमेरिका के खिलाफ वह कुछ कर सकेगी, इसमें शक है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर की शर्तों का उल्लंघन किया है। यह चार्टर अक्टूबर 1945 में हस्ताक्षरित हुआ था और इसका उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध जैसे बड़ी टकराव की पुनरावृत्ति को रोकना था। इस समझौते का एक केंद्रीय प्रावधान अनुच्छेद 2(4) यह निर्धारित करता है कि किसी भी देश को अन्य देशों के खिलाफ सैन्य बल का प्रयोग करने से बचना चाहिए और उनकी संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। वेनेजुएला पर हमला चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के विपरीत है। वास्तविकता यह है कि अमेरिका संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन कर रहा है। उसने आक्रामकता का अपराध किया है, जिसे नूर्नबर्ग की अदालत ने सर्वोच्च अपराध बताया था। यह सबसे गंभीर अपराध है। यह हमला तभी वैध माना जा सकता था, यदि अमेरिका के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव होता या वह आत्मरक्षा में कार्रवाई कर रहा होता। इन दोनों ही आधारों पर ऐसा कोई सबूत नहीं है।

### क्या होगी अमेरिका की दलील

अमेरिका यह तर्क दे सकता है कि उसने मादुरो के नेतृत्व वाले कथित नार्को-आतंकी संगठन से उत्पन्न खतरे के जवाब में आत्मरक्षा में वेनेजुएला पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अमेरिका के अपने घरेलू कानून आत्मरक्षा में सैन्य बल के उपयोग के लिए कुछ प्रावधान हैं।

हालांकि आत्मरक्षा के प्रावधान का सहारा लेने के लिए यह विश्वास वास्तविक और ईमानदार होना चाहिए कि आप पर शीघ्र ही बल प्रयोग या हमला होने वाला है। किसी ने भी यह नहीं कहा कि वेनेजुएला की सेना अमेरिका पर हमला



करने वाली है। यह धारणा कि मादुरो किसी तरह का ड्रग सरगना है, इस नियम के सामने टिक नहीं सकती कि शासन परिवर्तन के लिए किया गया यह आक्रमण अवैध है। अमेरिका को यह साबित करना होगा कि वे ड्रग तस्कर अमेरिका की संप्रभुता के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। अमेरिका जोरदार तरीके से तर्क देगा कि ड्रग तस्करी एक अभिशाप है और यह बहुत से लोगों की जान ले रही है। इस पर सहमति हो सकती है लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रग तस्कर वेनेजुएला से थे। यह तो दूर की बात है कि वे किसी भी तरह से मादुरो द्वारा शासित थे।

### वीटो कर सकता है अमेरिका

शांति बनाए रखने के प्रयास में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद देशों पर प्रतिबंध लगा सकती है। इनमें व्यापार प्रतिबंध, हथियार प्रतिबंध और यात्रा प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं। हालांकि, परिषद के पांच सदस्य अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास वीटो अधिकार है, जिसका अर्थ है कि अमेरिका के खिलाफ कोई भी कार्रवाई लागू होना असंभव है। वह किसी भी ऐसे कदम को वीटो करेगा। इससे यह भी पता चलता है कि सुरक्षा परिषद एक निरर्थक संस्था है। जो देश अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ता है, वह बस वीटो लगाकर निंदा से बच सकता है। कार्रवाई करने वाली एकमात्र संस्था अमेरिकी वीटो से निष्प्रभावी हो जाएगी।

### दूसरे देश भी कर सकते हैं ऐसा

यदि वेनेजुएला पर आक्रमण के लिए अमेरिका को कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता तो इससे अन्य देश भी ऐसे अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हों। सबसे स्पष्ट परिणाम यह होगा कि चीन ताइवान पर आक्रमण करने का अवसर लेगा। यह उसके लिए सबसे उपयुक्त समय होगा। ट्रंप के वेनेजुएला आक्रमण और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के प्रति बनी मिसाल से बल पाकर उसे शह मिलेगी। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और कमजोर हो सकती है। असल में सुरक्षा परिषद तीसरे विश्व युद्ध को रोकने की व्यवस्था थी। अमेरिका ने इसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। हालांकि ट्रंप ने एक बुरे नेता को हटाया है। फिर भी, कराकास में की गई इस छापेमारी ने वेनेजुएला के भविष्य, पश्चिमी गोलार्ध में प्रभाव के टकराव और अव्यवस्थित दुनिया में व्यवहार के नियमों को लेकर और भी कठिन प्रश्न खड़े कर दिए हैं। मादुरो के कई वर्षों तक अमेरिकी जेल में रहने की संभावना है। कराकास में ट्रंप की कार्रवाई को बीजिंग ने ध्यान से देखा है। वह ऐसी ही रणनीति का इस्तेमाल ताइवान के खिलाफ भी कर सकता है। हो सकता है हमें जल्द ही ऐसा देखने को मिले। चिंता रूस को लेकर भी होनी चाहिए कि कहीं वह यूक्रेन की अपनी लड़ाई को जेलेंस्की की ओर न मोड़ दे और ऐसा ही कुछ कर बैठे, जैसा अमेरिका ने किया है। रोचक तथ्य यह है कि खुद जेलेंस्की ने अमेरिका को पुतिन के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की सलाह दी है।

**ताकि सनद रहे :** किसी समय दुनिया के सबसे अमीर देशों में वेनेजुएला शुमार था। तेल से कमाई की अकूत दौलत लोगों के सिर चढ़कर बोलती थी। अनेक लोग नियमित तौर पर अमेरिका में शॉपिंग के लिए जाते थे। लेकिन, सिर्फ तेल के भरोसे रहकर इस देश ने अपनी नैया खुद ही डुबो दी। 2012 में वेनेजुएला की जीडीपी 372 अरब डॉलर थी, जो 2020 में गिरकर महज 43 अरब डॉलर ही रह गई। हालांकि हाल के वर्षों में इसमें कुछ सुधार हुआ है और इस समय यह 100 बिलियन डॉलर के आसपास है। वेनेजुएला उन लोगों के लिए एक सबक है, जो सिर्फ लोकलुभावन नीतियां चाहते हैं। केवल समग्र विकास की नीतियां ही किसी देश को आगे बढ़ा सकती हैं।

(लेखक दैनिक हरिभूमि हरियाणा के संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## घटनाक्रम

कृष्ण प्रताप सिंह



# क्या कहता है वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला

अमेरिका ने नये साल के तीसरे ही दिन वेनेजुएला में जो दादागिरी दिखाई है, उसमें सच पूछिए तो इस एक बात को छोड़कर कुछ भी नया नहीं है कि वर्तमान एक-ध्रुवीय दुनिया में उसकी निपट निरंकुश बदगुमानियां अपने उस इतिहास को बार-बार दोहराती रहना चाहती हैं, जो गवाह है कि वे किसी भी ऐसे देश की सम्प्रभुता व स्वतंत्रता का सम्मान नहीं करतीं, जो अमेरिका के राष्ट्रीय स्वार्थों के तनिक भी आड़े आता है। विडम्बना यह कि उसके ये राष्ट्रीय स्वार्थ कभी नहीं बदलते- डेमोक्रेट सत्ता में हों तो भी और रिपब्लिकन सत्ता में हों तो भी। वह इन स्वार्थों की पूर्ति के लिए जघन्य से जघन्य चौधराहट बरतते हुए भी अपने को 'दुनिया का सबसे महान लोकतंत्र' बताता रहता है। शायद इसलिए कि उसके निकट लोकतंत्र का अर्थ दुनिया की सारी उपलब्धियों को लूटकर अपने नाम कर लेने का नाम है। तिस पर बेशर्मी की हद यह कि उसके अलबेले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए अनेक युद्धों को रुकवाने के नाम पर अपने लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग और उसके पक्ष में लॉबीइंग करते रहते हैं। लगभग उसी तर्ज पर जैसे उनका देश दुनिया के अनेक देशों की चुनी हुई सरकारों को अपदस्थ कर वहां अपनी कठपुतली सरकारें बनवाने के लिए अनेक प्रपंच रचते हुए आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के 'नेतृत्व' की डींग भी हांकता रहता है।

### अमेरिका खुद दे रहा आतंकवाद को प्रश्रय

उसके इतिहास में अनेक ऐसी नजीरें हैं, जब उसने किसी देश में खुद आतंकवाद को प्रश्रय देकर उसकी तोहमत उस पर मढ़ दी और अपने स्वार्थ साध लेने के बाद उधर से आंखें मूंद लीं या चुप्पी साध ली। यहां याद किया जा सकता है कि 2003 में उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 20 मार्च को यह कहते हुए इराक पर हमला कर दिया था कि इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन वहां सामूहिक विनाश के हथियारों का जखीरा रखे हुए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। इस आक्रमण को उसने 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' नाम दिया था, जो कितना बेवजह था, इसे इस तथ्य की रोशनी में समझ सकते हैं कि उसके द्वारा सद्दाम हुसैन को पकड़ कर फांसी दे देने के बाद भी इराक में सामूहिक विनाश के हथियारों का जखीरा होना कतई साबित नहीं हो पाया। इस सबको लेकर अमेरिका ने कभी खेद नहीं जताया। आज वेनेजुएला की सम्प्रभुता व स्वतंत्रता को रौंदकर उसके राष्ट्रपति मादुरो को उठा ले जाने के लिए उसने उस पर जो तोहमतें लगाई हैं, उन्हें भी इसी रूप में समझा जा सकता है। यह समझना भूल होगा कि कुतर्कों की बिना पर वेनेजुएला पर अमेरिकी आक्रमण सिर्फ वेनेजुएला के खिलाफ़ आक्रमण है। यह वास्तव में दुनिया के हर उस देश व व्यक्ति के खिलाफ़ खुली चेतावनी है जो अमेरिकी साम्राज्यवादी इरादों से अलग रहकर अपना भविष्य खुद तय करना चाहता है। अकारण नहीं कि तब इराक के तेल पर कब्ज़े के लिए उस पर किए गए हमले और उसके लोगों की तबाही को सही ठहराने के लिए जैसे झूठ इस्तेमाल किए गए थे, वैसे ही झूठ अब वेनेजुएला के खिलाफ़ भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं।


### औपनिवेशिक व्यवस्था थोपना

इनका एकमात्र मकसद वेनेजुएला के लोगों पर अमेरिका समर्थित कठपुतली सरकार व औपनिवेशिक व्यवस्था थोपना है। निस्संदेह, यह लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में अमेरिकी हस्तक्षेप के खूनी इतिहास का नवीनतम अध्याय है, जिसमें चुनाव में हेरफेर करना, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को उखाड़ फेंकना, लोगों के आंदोलनों को दबाना, संप्रभुता व आत्मनिर्णय का अधिकार छीनना, शोषण व दमन थोपना शामिल रहा है।

इससे भी ज्यादा अफसोस की बात यह है कि इस वक्त दुनिया की जो स्थिति है, उसमें अमेरिकी चौधराहट अपने लिए कोई गम्भीर चुनौती नहीं देखती। न कोई 'दूसरा ध्रुव' बचा है और न ही संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखने, देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करने, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और सामाजिक प्रगति हासिल करने के अपने उद्देश्यों को, जिनके लिए उसकी स्थापना की गई थी, पूरे कर पा रहा है। 193 देशों की सदस्यता के बावजूद अनेक निर्णायक अवसरों पर उसके द्वारा निभाई गई भूमिकाएं उसे बड़े व वीटो अधिकार सम्पन्न देशों के प्रभुत्व से आक्रांत संगठन की छवि से बाहर नहीं निकाल पातीं। तिस पर भारत द्वारा प्रवर्तित निर्गुट आंदोलन ने अपनी प्रासंगिकता ही खो दी है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें




संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*– महेश चौबे, दुर्ग*

## ट्रेंड


### परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

### वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।'



मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।

## ऑफ बीट

### पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है,



जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

इंग्लिश प्रीमियर लीग

# आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन



डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। 1र्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट

# अटलांटा ने रोमा को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मिलान



जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स

# क्वार्टर फाइनल में सेनेगल

एजेंसी ▶▶| रबात



सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने गियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी, जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।

खबर संक्षेप




## डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

## बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयार: हरमनप्रीत

**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है।



सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी पहले भी एक साथ खेल चुके हैं, जिससे हमें शांत रहने और फोकस करने में मदद मिलती है। दबाव बनाना, अपने मौकों को गोल में बदलना, और जरूरी मौकों पर सही फैसले लेना बेहद अहम है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग हमारे लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है क्योंकि आने वाला साल व्यस्त है।

## मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह



अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

**एशेज:** पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन

# ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### *तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट*

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

बीबीएल

# रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े।

### गुरिंदर संधु ने हासिल किए सर्वाधिक 4 विकेट

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कैलम स्टो ने 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने 19.5 ओवरों में जीत दर्ज की। इस टीम ने 24 के स्कोर पर टिम सीफर्ट (6) का विकेट गंवा दिया था। यहां से जोश ब्राउन ने मोहम्मद रिजवान के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 127 के स्कोर तक पहुंचाया।

### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

टी-20 विश्व कप

# बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

## महिला एचआईएल ...



**रांची।** ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे शुरू हुआ

# राष्ट्रीय मुक्केबाजी के पहले दिन ही विलंब से मची अफरा-तफरी

- दिन के 80 मुकाबले (38 महिला और 42 पुरुष) दोपहर दो बजे शुरू होने थे, पर नहीं हो पाए
- आयोजकों ने महिलाओं के मुकाबले का समय बदला

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा



*शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया*

सीनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को तैयारियों में देरी और अव्यवस्था के कारण अफरा-तफरी मच गयी जिससे मुक्केबाजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। लॉजिस्टिक्स (प्रतियोगिता के लिए जरूरी साजो-सामान) संबंधी दिक्कतों के कारण चैंपियनशिप चार घंटे के विलंब से शुरू हुई। लंबे समय तक हुई देरी के कारण आयोजकों को महिलाओं के 32 मुकाबलों को मंगलवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा। पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहली बार एक साथ आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दोपहर दो बजे शुरू होना था। यह ऐतिहासिक क्षण हालांकि अफरा-तफरी और लंबे इंतजार में बदल गया जिसने पूरे दिन के कार्यक्रम को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के रिंग आम तौर पर एक दिन पहले ही तैयार हो जाते है। मुकाबले दोपहर दो बजे शुरू होने थे लेकिन तब तब ऐसा नहीं हो सका था। तीन रिंग तैयार होने थे, लेकिन शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया और तकनीकी खराबी के कारण उसे भी दोबारा लगाना पड़ा। इस काम को जल्दी पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्वयं रिंग का निर्माण करते हुए देखा गया। दिन के 80 मुकाबलों (38 महिला और 42 पुरुष) में से पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे पुरुषों के मुकाबले के साथ शुरू हुआ। जबकि महिला मुक्केबाजों को और भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रात आठ बजे तक भी उनके मुकाबलों के शुरू होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी। आखिर में महिलाओं के सिर्फ छह मुकाबले हुए। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव प्रमोद कुमार ने पीटीआई को बताया, ''देरी कुछ लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण हुई।'' बीएफआई ने लॉजिस्टिक्स परेशानियों को देरी का कारण बताया तो वहीं मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण हुई थी। सूत्र ने कहा, ''विक्रेता को भुगतान नहीं किया गया था। भुगतान मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर: सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के दूसरे सत्र में अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग में कुल 226 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।




## चीन की दो टूक- यूएस अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा व संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे

# वेनेजुएला पर एयरस्ट्राइक करने वाले 'शांति दूत' ट्रंप ने पूरी दुनिया में फैला दी अशांति, अमेरिका बोला-दुनिया में राज हम ही करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुद को शांति दूत स्थापित करने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से वेनेजुएला की व्यवस्थित सरकार को छिन्नभिन्न किया है उसकी विश्व विरादरी जमकर निंदा कर रही है। बीजिंग ने इसे खुले तौर पर 'दादागिरी' करार दिया है, जबकि रूस ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की अपील की है। दोनों देशों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग का समर्थन किया है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम 'हेजेमोनिक एक्शन' है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन करता है।

मंत्रालय ने कहा कि चीन इस कार्रवाई से गहरी चिंता में है और किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति के खिलाफ बल प्रयोग का कड़ा विरोध करता है।

अमेरिका की यह कार्रवाई ना सिर्फ वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरे लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चीन ने अमेरिका से मांग की है कि वो अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा और संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे।

*गिरफ्तारी के दौरान गुड नाइट हैप्पी न्यू इयर कहा था राष्ट्रपति मादुरो ने*

*अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने मात्र 30 मिनट की कार्रवाई में बना लिया था बंधक*

*वेनेजुएला के गार्ड भी कर रहे थे अमेरिका के लिए काम*

*यूएस ने दूसरे देशों को चेताया कहा- वे अपनी हद में रहें*


वेनेजुएला में प्रदर्शन करते नागरिक


प्रदर्शन में अमेरिकी झंडे जलाए गए

### अपने ही घर में घिरे ट्रंप, न्यूयॉर्क से लॉस एंजेलिस तक प्रदर्शन

## मेयर ममदानी ने युद्ध बताया तो कमला ने कहा ये अराजकता है

*वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी ने अमेरिका के भीतर एक भीषण राजनीतिक युद्ध छेड़ दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस सैन्य ऑपरेशन को अपनी सबसे बड़ी जीत बताया, अब वही उनके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। न्यूयॉर्क से लेकर वॉशिंगटन तक, ट्रंप के इस 'बोल्ड' कदम की तीखी आलोचना शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे दिग्गजों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध जैसा कृत्य करार दिया है। अमेरिका अब दो गुटों में बंट गया है, जहां एक तरफ ट्रंप की ताकत का प्रदर्शन है तो दूसरी तरफ संविधान और सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल। वहीं अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने 3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्ट इंटरनेट की सुविधा देने का ऐलान किया है। न्यूयॉर्क के नवनियुक्त मेयर जोहरान ममदानी ने शपथ लेने के महज दो दिन बाद राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर हड़कंप मचा दिया। ममदानी ने मादुरो की गिरफ्तारी को एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला बताया। उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी कि मादुरो को न्यूयॉर्क की संघीय हिरासत में रखने से शहर की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। मेयर का मानना है कि सत्ता परिवर्तन की यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और इससे न्यूयॉर्क में रहने वाले वेनेजुएला मूल के लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रंप प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इस ऑपरेशन को ₹अवैध और खतरनाक₹ बताया है। हैरिस ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्ता परिवर्तन और तेल के लालच में शुरू किए गए युद्ध अंत में केवल आर्थिक बोझ और सैनिकों की शहादत का कारण बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के पास इस सैन्य कार्रवाई के बाद का कोई 'एग्जिट प्लान' नहीं है। हैरिस के मुताबिक, इस कदम से अमेरिका मजबूत नहीं, बल्कि और अधिक असुरक्षित हो गया है।*



**तीन फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्त इंटरनेट की सुविधा देंगे मस्क**

### मादुरो से पहले इन 3 देशों के राष्ट्रपतियों को पकड़ चुका है अमेरिका

## नोरिएगा को पकड़ा जेल में मौत,सद्दाम को फांसी दी और हर्नांडेज को 45 साल की सजा

*अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को पकड़कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-टेररिज्म फैलाने, कोकीन की तस्करी, मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के जरिए अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ने किसी देश के प्रमुख को सैन्य कार्रवाई के दौरान पकड़ा है। इससे पहले तीन देशों में अमेरिका ने ऐसी ही सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्राध्यक्षों को पकड़ा था। अमेरिका ने 1989 में पनामा पर हमला कर सैन्य नेता मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार किया था। अमेरिका ने यह हमला इसलिए किया था, ताकि मैनुअल नोरिएगा को पद से हटाया जा सके। अमेरिका ने मैनुअल नोरिएगा पर पनामा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा, अलोकतांत्रिक प्रथाएं, भ्रष्टाचार और अवैध ड्रग व्यापार में शामिल बताया था। पनामा पर हमला करने से पहले, अमेरिका ने 1988 में मियामी में नोरिएगा पर ड्रग तस्करी का आरोप लगाया था। नोरिएगा ने 1985 में निकोलस अर्दितो बार्लेटा को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, जिन्हें अमेरिका का करीबी नेता माना जाता था। उन्होंने 1989 में पनामा में आम चुनाव को भी रद्द कर दिया था और अमेरिका विरोधी भावना का समर्थन किया था। मैनुअल नोरिएगा पर मियामी में मुकदमा चलाया गया और 2010 तक जेल में रखा गया। बाद में उन्हें दूसरे मुकदमे के सामना करने के लिए फ्रांस भेज दिया गया।*

### 2017 में पनामा की जेल में हुई थी मौत

फ्रांस ने एक साल बाद मैनुअल नोरिएगा को वापस पनामा भेज दिया। नोरिएगा की 2017 में पनामा की जेल में मौत हो गई, जहां वह अपने अपराधों के लिए सजा काट रहे थे। इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 13 दिसंबर, 2003 को अमेरिकी सेना ने पकड़ा था। सद्दाम को इराक पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हमले और कब्जे के नौ महीने बाद पकड़ा गया था। सद्दाम को उनके गृहनगर तिकरित के पास एक गड्ढे में छिपा हुआ पाया गया था। उन पर एक तथाकथित इराकी अदालत में मुकदमा चला और मौत की सजा सुनाई गई। सद्दाम हुसैन को 30 दिसंबर, 2006 को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए उसे फांसी दे दी गई। अमेरिका ने फरवरी 2022 में होंडुरास में एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान जुआन ऑरलैंडो हर्नांडिज को पकड़ा था। गिरफ्तारी से ठीक पहले जुआन ऑरलैंडो हर्नांडिज होंडुरास के राष्ट्रपति पद से चंद दिनों पहले ही रिटायर हुए थे। उन्हें अमेरिकी सेना ने होंडुरास सेना के साथ एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया था।

**सुरक्षा परिषद की आपात बैठक आज**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) आपात बैठक बुलाने की जानकारी दी है। बैठक का एजेंडा है "अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे"। इस महीने के लिए सोमालिया परिषद का घूर्णन अध्यक्ष है।

### ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक

## बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप



(दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है।

जिसने 2019 तक सीरिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसे रोकने के लिए ब्रिटेन ने फ्रांस के साथ मिलकर ऑपरेशन किया।ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, रॉयल एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट मार्च 2019 में अपनी सैन्य हार के बाद दाएश आतंकवादी ग्रुप के किसी भी संभावित पुनरुत्थान को रोकने के लिए सीरिया के ऊपर गश्त करना जारी रखे हुए हैं।

## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है। भारतीय सेना के मुताबिक जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को यूएई के लिए रवाना हो गए हैं।



### राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हुए जवान, पासिंग आउट परेड में दिखे भावुक क्षण

असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया

## सरहदों की निगरानी के लिए बीएसएफ को मिल गए 447 नए सीमा प्रहरी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्रीनगर के हुमहामा बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में 447 रंगरूटों ने पासिंग आउट परेड पूरी कर जवानों के रूप में बीएसएफ में शामिल होकर देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैयार हुए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ट्रेनी को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

- ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी में दिखा युवाओं में देशभक्ति का जज्बा

श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ के सब्सिडरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में युवाओं में देशभक्ति का जज्बा दिखा।

मौका था रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह का। इसमें 447 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए। कार्यक्रम में आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे।

आईजी मिंज ने रंगरूटों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल देश की सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है बल्कि इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुहतोड़ जवाब देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


उत्साहित दिखे जवान


परेड को सलामी देते हुए जवान

### परेड की कमान सुखदीप पांजा ने संभाली

उन्होंने रिक्रूटों को साहस और उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आईजी ने रंगरूटों को उनके जीवन और सेवा में उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण गतिविधियों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया। बैच 128, 129 और 130 की परेड की कमान रंगरूट कांस्टेबल सुभदीप पांजा ने संभाली। हर बैच के पांच ट्रेनी को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए ट्रॉफी मिली।बैच के पांच प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ चुना गया और उन्हें ट्रॉफी प्रदान की गईं। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स व अन्य सिक्योरिटी फोर्सेज के सीनियर अधिकारियों, ट्रेनी के माता-पिता और परिवार वालों ने इस यादगार परेड को देखा।

### रक्षा के लिए मर मिटने के लिए तैयार जवान



पासिंग आउट परेड के बाद बीएसएफ के जवान मृत्युंजय ने कहा कि दिल में देश सेवा की भावना शुरू से थी। अब देश के बॉर्डर की रक्षा करूंगा। एक अन्य जवान अक्षय ने कहा 44 सप्ताह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आज काफी खुशी है। देश के प्रति सेवा करने का सौभाग्य मिला है और देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार हैं। बता दें कि लगभग सभी जवानों में एक जैसा जज्बा और उत्साह था।

**44 सप्ताह का किया कठोर प्रशिक्षण:** एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी के बैच 128, 129 व 130 के 447 के रंगरूटों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विकल्प के तौर पर रखा था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28